AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा। दिनांक 14.07.2021

थाना एत्माद्दौला पुलिस टीम द्वारा 04 साल की बच्ची का अपहरण करने वाली घटना में संलिप्त तीनों अभियुक्तगण को गिरफ्तार करते हुए बच्ची को बरामद किया गया.....

दिनांक 13.07.2022 को वादी बन्टी कुशवाह द्वारा थाना एत्माद्दौला पर सूचना दी गयी कि मेरी 04 वर्ष की बेटी दरवाजे के बाहर खेल रही थी, इस दौरान तीन अज्ञात लड़के आये और बेटी को उठाकर भाग गये। इस सम्बन्ध में थाना एत्माद्दौला पर मु0अ0सं0 407/22 धारा 364 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त सनसनीखेज घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी छत्ता के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एत्माद्दौला को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा गया एवं अन्य टीमों द्वारा तलाशी हेतु गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि जिन व्यक्तियों द्वारा छोटी बच्ची का अपहरण किया गया है वह तीनों इस समय ऊषा मार्टिन कम्पनी के पीछे खाली पड़े मैदान में दीवार के किनारे छिपे हुए बैठे हैं। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बताये स्थान पर पहुंच चारों ओर से घेरकर तीनों अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से छोटी बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम बताया गया कि आमित, सूरज व रोहताश बताया गया। घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि तीनो द्वारा बताया गया कि हम मजदूरी का काम करते हैं। हम लोग अश्लील वीडियो देखते हैं। आज भी हमने ऐसी वीडियो देखी और शराब पी ली थी। शराब पीकर प्लान बनाया कि किसी ऐसी बच्ची को उठाया जाये जो विरोध नही करे और जिसे टॉफी आदि खाने की चीज देकर आसानी से साथ ले जाकर एकान्त में गलत काम कर सकें। हमारा प्लान यह भी था अगर बच्ची को कुछ हो जायेगा तो उसे वहीं गाड़ देगें किसी को पता भी नही चल पायेगा। योजना बनाकर हमने बच्ची को उठा लिया और उसके साथ यहाँ छुपकर गलत काम कर रहे थे।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बच्ची की बरामदगी होने पर उपरोक्त अभियोग में 376/120बी भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट की बड़ोत्तरी की गयी।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. आमित पुत्र हजारीलाल नि0 महेन्द्र इण्टर कॉलेज के पास हनुमान नगर थाना एत्माद्दौला आगरा (किराये का मकान) स्थायी पता मैढक कुआ बढी नहर जिला कानपुर देहात।

02. सूरज पुत्र राजू नि0 हनुमान नगर थाना एत्माद्दौला आगरा (किराये का मकान)।

03. रोहताश पुत्र श्रीनिवास नि0 हनुमान नगर पहली गली (ससुराल) थाना एत्माददौला आगरा स्थायी पता ग्राम लोधई थाना सहपऊ जिला हाथरस।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

01. मु0अ0सं0 407/22 धारा 364/376/120बी भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट भादवि थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. उ0नि0 मयंक चौधरी थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
02. उ0नि0 अमित अशोक थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
03. उ0नि0 देवेन्द्र सिंह थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
04. है0का0 शीश कुमार थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।